बरेली, रविवार
14 दिसंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4+4=26

दैनिक जागरण

PAGE NO IV : BOTTOM

# सिल्वर जुबली में पुराछात्रों ने साझा किए अनुभव



एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में सिल्वर जुबली एलुमनाई मीट पर मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक ● सौ.कालेज

बरेली : एसआरएमएस इंस्टीट्यूट में एलुमनी एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय बीटेक 1996-2000, बीफार्मा 2000-2004, पीजीडीएम-पीजीडीएचएम 1998-2000 बैच के लिए सिल्वर जुबली एलुमनी मीट आयोजित की गई। इसमें 85 पुराछात्रों ने सपरिवार हिस्सा लिया। सभी ने चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति और प्रो. सुभाष मेहरा के साथ केक काटकर सिल्वर जुबली मनाई। शुभारंभ 12 दिसंबर को एसआरएमएस अलकनंदा में संगीत कार्यक्रम से हुआ। अगले दिन संस्थान में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी गई। पौधरोपण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पुराछात्रों ने अनुभव साझा किए। एसोसिएशन की उपाध्यक्ष दीपाली गुप्ता ने धन्यवाद किया। प्राचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता ने सभी को स्मृति चिह्न दिया। (वि.)